कार्यशाला का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। पैसिफिक इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पिम्स), उदयपुर में शुक्रवार को नशा मुक्ति सप्ताह के अवसर पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मनोचिकित्सा विभाग, शरीर रचना विज्ञान, शरीर क्रिया विज्ञान एवं सामुदायिक चिकित्सा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यशाला का विषय मानसिक स्वास्थ्य - नशे और लत को अलविदा था। कार्यक्रम में संस्थान के सभी शिक्षक, स्नातकोत्तर छात्र, मेडिकल एवं पैरामेडिकल छात्र उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत अकादमिक डायरेक्टर प्रो. दिलीप कुमार ने मुख्य अतिथि प्रो. प्रवीण खैरकर के स्वागत से की। प्रो. खैरकर ने अपने व्याख्यान में नशे की समस्या और उसके मानसिक, शैक्षिणक एवं पारिवारिक दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने 5 पीयर ग्रुप रिफ्लेक्शन रोल-प्ले मॉडल के माध्यम से यह बताया कि कैसे नशा धीरे-धीरे पढ़ाई, करियर और पारिवारिक जीवन को प्रभावित करता है।कार्यक्रम का समन्वय प्रो. गणेश खेमनार द्वारा किया गया।

ट्रेक्टर-ट्रोली चुराने के दो आरोपी गिरफ्तार

■ पुलिस चोरी किया ट्रेक्टर मय ट्रोली को बरामद किया

राजसमंद, (निसं)। कुंवारिया थानांतर्गत कुरज में सोमवार की रात को घर के बाहर खडा किया गया टेक्टर मय ट्रोली को चुराने के दर्ज प्रकरण में पुलिस ने विशेष अनुसंधान व त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया तथा आरोपियों की निशानदेही पर चोरी का टेक्टर मय ट्रोली को बरामद किया।

थाना प्रभारी सीआई रामचन्द्र कुमावत ने बताया कि 6 जनवरी को कुरज निवासी भरत लौहार पिता प्रहलाद लौहार ने प्रकरण दर्ज कराया कि सोमवार की शाम को टेक्टर व ट्रोली को कामकाज के बाद मेरे घर के बाहर खडा किया। मंगलवार की सुबह उठकर देखा तो ट्रेक्टर व ट्रोली नही मिले, जिन्हें कोई अज्ञात बदमाशों के द्वारा मेरे मकान के बाहर से चोरी कर कर लेकर गये है इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराइ गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक राजसमन्द ममता गुप्ता, महेन्द्र पारीक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नेत्रपाल सिंह वृत्ताधिकारी वृत राजसमंद के निर्देशन में मन थानाधिकारी रामचन्द्र कुमावत पुलिस निरीक्षक थाना कुंवारिया के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर चोरी के प्रकरण की जांच पडताल प्रारम्भ की गई। पुलिस की विशेष टीम के द्वारा घटना स्थल एवं आसपास कस्बा कुरज, गोगाथला, गारियावास कुरज, लापस्या, टपरिया खेडी, जुणदा, फि यावडी, कुंवारिया आदि स्थानों पर ट्रेक्टर-ट्रोली व सन्दिग्धों की सरगर्मी से तलाश की गई। पुलिस ने प्रकरण के अनुसंधान के लिए विभिन्न गांवों व चौराहों के डेढ सौ से भी अधिक सीसी टीवी रिकोर्ड को खंगाला गया। पुलिस की गठित टीम के द्वारा तकनीकी साक्ष्यों व मुखबीरी सुचना के आधार पर दो संदिग्ध कुरज निवासी अर्जुन सिंह पिता दुले सिंह व पुठोल थाना राजनगर निवासी शिव लाल उर्फ शिवम् पिता दुर्गालाल भील को डिटेन करके मनौवैज्ञानिक तौर-तरीकों से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान चोरी की वारदात कबूल की। जिस पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के द्वारा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर अनुसंधान कर न्यायालय में पेश किया जहा से पीसी रिमाण्ड के लिए कुंवारिया थाना पुलिस को सपूर्द किया गया। घर के बाहर से ट्रेक्टर मय ट्रोली को चोरी करने के प्रकरण का खुलासा करने में पुलिस की विशेष टीम के सदस्य रामचन्द्र कुमावत पु.नि. एसएचओ पुलिस थाना कुंवारिया, रामसिंह एएसआई, रामेश्वर लाल, प्रमोद कुमार, सुचना अधिकारी पिंकेश कुमार आदि के द्वारा विशेष प्रयास किए गए। पुलिस के द्वारा दोनो आरोपियों से पुछताछ व अनुसंधान मुल्जिमानों की निशानदेही पर चोरी किया गया ट्रेक्टर मय ट्रोली को बरामद किया गया।

मारपीट कर नकदी लूटी

उदयपुर, (कासं)। खेरोदा थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पीडित के साथ मारपीट कर नकदी लूट ले जाने का प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित कैलाश मैनारिया निवासी मैनार ने दिनेश व साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। उसने बताया कि 7 जनवरी को आरोपी ने मुझे बुलाया इस पर मैं अपने जीजा की नकदी तीन लाख रूपये लेकर गया। जहां से उदयपुर जाते समय बीच रास्ते में मेवाड़गढ होटल के समीप दुर्गाशंकर पांचावत पुत्र गोपाल, मोतीलाल पुत्र छोगालाल, विनोद पुत्र सुरेश निवासी मैनार भी आए। जहां शराब पीने की बात को लेकर विवाद होने पर आरोपियों ने मारपीट की तथा 3 लाख रूपये नकदी लूट ले गए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

मनरेगा को लेकर कांग्रेसी आज करेंगे उपवास

बांसवाड़ा। केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलकर महात्मा गांधी का नाम हटाने और इसमें अनियमितता को लेकर कांग्रेस में रोष है। जिस पर अखिल भारतीय कांठोस कमेटी के निर्देश पर 10 जनवरी से प्रदेशव्यापी जन आंदोलन की शुरूआत की जा रही है। कार्यकारी अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार ने कहा कि 2005 में यूपीए सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ठामीण रोजगार गारंटी अधिनियम लागू किया गया जिसे संक्षिप्त में मनरेगा कहा गया। यह एक ऐसी योजना थी जो प्रतिवर्ष 5 से 6 करोड़ परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराता है तथा मजबूरी में होने वाले गरीबों के पलायन को कम करता है ग्रामीण मजदूरी बढाता है और टिकाऊ सामुदायिक परिसंपत्तियों का निर्माण करता है। इस योजना का नाम हिंदुस्तान की आजादी में अहम योगदान देने वाले राष्ट्रिपता महात्मा गांधी के नाम पर रखा गया था ।

उदयपुर में लाखों की नकदी हड़पी

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर में पीड़त व उसकी पत्नी को मनी लोड्रिंग मामले में फंसाने का झांसा देकर लाखों की नकदी हडपने वाले के खिलाफ साईबर ठगी का मामला दर्ज किया।

कार्यालय ग्राम पंचायत बुझड़ा, पंचायत समिति गिर्वा, जिला-उदयपुर

क्रमांक: निविदा/2025-26/63 दिनांक: 09.1.2026

:- ई-निविदा सूचना संख्या 02/2025-26:-

कार्यालय ग्राम पंचायत द्वारा स्थरीकरण तालाब(WSP) निर्माण कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित कि जाती है अत: उक्त कार्य हेतु इच्छुक संवेदको/फर्मो से ऑनलाईन ई-निविदाएं दिनांक:- 19.1.2026 को प्रात:- 11.00 बजे तक ऑनलाईन ई-प्रोक्योमेंट पोर्टल पर आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajathan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN NO. ZUD2526WSOB03856

प्रशासक ग्राम पंचायत-बुझड़ा पं.स. गिर्वा, जिला-उदयपुर | ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत-बुझड़ा पं.स. गिर्वा, जिला-उदयपुर

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांक : F. 7 ( )B. PLAN/MISC/2025-26/30 Date 09-01-2026

आम सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा दिनांक 14-10-2024 को विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां (Development Promotion & Control Regulations) हेतु जारी अधिसूचना एवं इसकी निरन्तरता में समय-समय पर जारी आदेशों / परिपत्रों / अधिसूचनाओं आदि की अनुपालना में निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत विचाराधीन है:-

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम/ योजना	खसरा संख्या /ब्लॉक संख्या	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल	भूखण्ड/भूमि की स्थिति	भू-उपयोग परिवर्तन
1	श्री महेन्द्र कुमावत पिता श्री हरिशचन्द्र कुमावत	देवाली	1981, 1997	संयुक्तकृत भूखंड 05+स्ट्रिप ऑफ लैण्ड+06+07	7209.70 वर्गफीट	साइफन पौराहे से बेला जाने वाली 80 फीट सड़क पर लगी सब्जी मण्डी के समीप स्थित है।	आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिन में किसी भी कार्य दिवस में निम्न हस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

सचिव उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत गोरेला, पंचायत समिति गिर्वा, जिला-उदयपुर

क्रमांक: निविदा/2025-26/147 दिनांक: 09.1.2026

:- ई-निविदा सूचना संख्या 02/2025-26:-

कार्यालय ग्राम पंचायत द्वारा सी.सी. सड़क थड़ीया स्कुल से डुंगाजी के घर की ओर कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित कि जाती है अत: उक्त कार्य हेतु इच्छुक संवेदको/फर्मो से ऑनलाईन ई-निविदाएं दिनांक:- 19.1.2026 को प्रात:- 11.00 बजे तक ऑनलाईन ई-प्रोक्योमेंट पोर्टल पर आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajathan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN NO. ZUD2526WSOB03859

प्रशासक ग्राम पंचायत- गोरेला पं.स. गिर्वा, जिला-उदयपुर | ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत- गोरेला पं.स. गिर्वा, जिला-उदयपुर

देवसोमनाथ मंदिर में कॉरिडोर बनाया जाए : के. के. गुप्ता

■ डूंगरपुर नगरपरिषद के पूर्व अध्यक्ष के के गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया है कि गुजरात के सोमनाथ मंदिर की तरह ही डूंगरपुर जिले में स्थित देवसोमनाथ मंदिर में भी एक कॉरिडोर बनाया जाए

डूंगरपुर, (निसं)। वरिष्ठ भाजपा नेता और डूंगरपुर नगरपरिषद के पूर्व अध्यक्ष के के गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया है कि गुजरात के सोमनाथ मंदिर की तरह ही दक्षिण राजस्थान के डूंगरपुर जिले में स्थित देवसोमनाथ मंदिर में भी एक कॉरिडोर बनाया जाए ताकि इस अर्वाचीन मंदिर का पुरातत्व महत्व बढने के साथ ही यहां पर्यटन गतिविधियाँ भी बढ सकें।

वर्तमान में 11वी एवं 12वीं शताब्दी पुराना यह बेजोड देवसोमनाथ मंदिर भारत सरकार के पुरातत्व विभाग के अधीन है।उन्होंने कहा कि देवसोमनाथ मंदिर हुबहू गुजरात के सोमनाथ मंदिर जैसा है और सोम नदी के तट पर स्थित है। गुप्ता ने बताया कि दक्षिणी राजस्थान राजस्थान के गुजरात की राजधानी गांधी नगर से सटे डूंगरपुर जिले में स्थित देवसोमनाथ मंदिर न केवल एक प्राचीन धार्मिक स्थल है, बल्कि वागड क्षेत्र की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और स्थापत्य विरासत का भी अनमोल प्रतीक है।

सोम नदी के तट पर देव गाँव के समीप स्थित यह मंदिर भगवान शिव के सोमनाथ स्वरूप को समर्पित है और सदियों से श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है।मंदिर के इतिहास को लेकर विद्वानों में मतभेद हैं, लेकिन सामान्यत: इसका निर्माण 11वीं-12वीं शताब्दी में माना जाता है। स्थानीय जनश्रुति के अनुसार यह मंदिर एक ही रात में बन गया था, हालांकि स्थापत्य शैली और शिल्पकला इसे मध्यकालीन भारतीय मंदिर निर्माण परंपरा से जोडती है। माना जाता है कि इस मंदिर की संरचना गुजरात के प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर से प्रेरित है, इसी कारण इसे देवसोमनाथ नाम से जाना जाता है।

देवसोमनाथ मंदिर की सबसे बडी विशेषता इसकी अद्वितीय वास्तुकला है। यह मंदिर तीन मंजिला है और विशाल पत्थरों से निर्मित है। आश्चर्य की बात यह है कि इसके निर्माण में सीमेंट, चूना या गारे का प्रयोग नहीं किया गया।

गीतांजलि में संगीत संध्या का होगा आयोजन

उदयपुर, (कासं)। आर्श विद्या तीर्थ की रजत जयंती समारोह के अंतर्गत उदयपुर में शनिवार शाम को 6:30 गीतांजली यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम में सूर्या गायत्री द्वारा प्रस्तुत रामं भजे वैदिक एवं भक्ति-प्रधान भजन कार्यक्रम किया जाएगा।

जे.पी अग्रवाल चेयरमैन गीतांजली ग्रुप, उदयपुर के सौजन्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। चिकित्सा सेवाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के साथ-साथ, गीतांजली ग्रुप समाजसेवा, शिक्षा एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण हेतु अपने परोपकारी प्रयासों के लिए भी जाना जाता है। यह कार्यक्रम उनकी उसी सामाजिक प्रतिबद्धता का एक सार्थक उदाहरण है।यह आयोजन एवं आर्ष विद्या तीर्थ के राजस्थान में 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किया जा रहा है।

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)

Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ/नामा./2026/16474 दिनांक : 9.1.2026

- : आपत्ती सूचना :-

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी :-

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति कापता	पड़ौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1.	श्री अंकित गहलोत पिता श्री विक्रम गहलोत निवासी-चोपेता का बाग नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-09 क्षैत्रफल-1000 वर्गफिट, अजन्ता कॉलोनी नाथुवास, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-08	भूखण्ड संख्या-10	30 फिट रोड	भूखण्ड संख्या-06

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)

Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ/नामा./2026/16403 दिनांक : 8.1.2026

- : आपत्ती सूचना :-

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी :-

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति कापता	पड़ौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1.	श्री जयंत के. घेलाणी, चेयरमने श्री लोहाना अतिथि भवन ट्रस्ट निवासी-ठाकुरद्वारा मुम्बई	भूखण्ड क्षैत्रफल-2538.20 वर्गफिट, नई रोड, नाथद्वारा	श्रीमती सीता देवी, नरेन्द्र कुमारजी व सुरेजी के मकान	पुरूषोत्तम माली की भूमि एवं अन्य	रास्ता व आवासीय मकान	बस स्टेण्ड जाने का आम रास्ता

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी) नगरपालिका, कपासन जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक:-न.पा.क./रूपान्तरण/2025-26/4615 दिनांक: 08.01.2026

-: लोक सूचना :-

इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि को निम्न खातेदारों/स्वामियों द्वारा गैर-कृषिक प्रयोजन (व्यवसायिक प्रयोजनार्थ) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

नाम आवेदक व खातेदार	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्रफल एवं प्रयोजन
1. श्री कमल न्याति पुत्र कन्हैयालाल न्याति, निवासी कपासन 2. श्री नवीन कुमार न्याति पुत्र कन्हैयालाल निवासी कपासन	जिला-चित्तौड़गढ़ तहसील-कपासन	कपासन	7341/5717 रकबा 0.0425 हैक्टेर	4573 वर्गफीट, यानि 4256 वर्गमीटर, व्यवसायिक प्रयोजनार्थ

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यकित को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो, इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिनके भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ...../...../2026 को जारी की गई।

प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी) नगरपालिका, कपासन

नगदी बरामद, एक गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। डीएसटी एवं टीडी थाना पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए होटल पर दबिश देकर अवेध अफीम, डोडा चुरा एवं नगदी बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर टीम ने कार्यवाही करते हुए मिली सूचना के आधार पर गांव पाटियां में राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर स्थित मृष्णा होटल एवं रेस्टोरेंन्ट तरलोके दा ढाबा पर पहुंचे। जहां होटल संचालक ने पास ही कमरा किराए ले रखा था।

जहां पहुंच कर तलाशी ली तो कमरें में एक व्यक्ति मिला नाम पूछा तो देवीलाल पत्रु बगदीराम निवासी डूंगला मुस्लिम मोहल्ला चित्तौडगढ हॉल कृष्णा होटल एवं रेस्टोरेंट तरलोके दा ढाबा टीडी का संचालक होना बताया।

आरोपी भू अभिलेख निरीक्षक के खिलाफ आरोप पत्र पेश

उदयपुर, (कासं)। सात लाख की रिश्वत लेने के आरोपी भू अभिलेख निरीक्षक के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों ने न्यायालय में आरोप पत्र पेश किया।

प्रकरण के अनुसार कमलेश चन्द्र पुत्र प्यारचंद खटीक निवासी ब्रम्ह कुमारी आश्रम के पास गणेश नगर काकरोली राजसमन्द तत्तालीन गिरदावर भू अभिलेख निरीक्षक वृत भाणा तहसील कुवारिया राजसमन्द ने एक लोक सेवक होते हुए अपने पद एवं अधिकारों को दुरूपयोग कर परिवादी रमेश चन्द्र की ग्राम धनजी का खेड़ा में स्थित किसान फार्म हाउस की आराजीयात का मौके के हिसाब से की गई पैमाईश की कार्यवाही एवं आराजीयात का ऑन लाईन नक्शा शुद्धिकरण/ दुरस्तीकरण करवाने की एवज में 9 नवंबर 2025 को रिश्वत राशि दस लाख रूपये मांगे तथा 7 लाख रूपये में सहमती बनी। 14 नवंबर को ट्रेप कार्यवाही के दौरान आरोपी कमलेश चन्द्र खटीक द्वारा परिवादी रमेशचन्द्र से सात लाख रिश्वत लेते भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों की टीम ने उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया था। मामले में अनुसंधान पूर्ण होने पर आरोपी कमलेश चन्द्र खटीक के खिलाफ ब्यूरों मुख्यालय के द्वारा चार्जशीट के आदेश की पालना में उप महानिरीक्षक प्रथम भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों जयपुर एवं अतिरिक्त प्रभार उपमहानिरीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों रेंज उदयपुर डॉ. रामेश्वर सिंह उप महानिरीखक पुलिस भ्रष्टाचार निरोधकब्यूरों उदयपुर रेंज के निर्देशन में आरोपी कमलेश चन्द्र तत्कालीन भू अभिलेख निरीक्षक वृत भाणा कुवारिया राजसमन्द्र के खिलाफ 9 जनवरी 2026 को न्यायालय में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों एवं प्रभारी इंटेलीजेंस यूनिट उदयपुर डॉ. सोनू शेखवत ने आरोप पत्र पेश किया। आरोपी राजसमन्द्र कारागृह में बंद है तथा उसकी पत्नी के नाम से पेट्रोल पम्प एवं फेल्स पाउडर क्रेशर प्लाँट में पार्टनरशीप हो, प्रथक आय से अधिक सम्पत्ति की जॉच ब्यूरों चौकी राजसमन्द द्वारा की जा रही है।

Name Changed

I Have Changed My Name from Yunus Ali to Yunus Ali Salumbarwala For All Purposes. In Future be Called and Known by New Name. H.No. 10 G, Kharol Colony, Fatehpura, Udaipur, Raj.

नकदी चोरी

उदयपुर, (कासं)। कुराबड़ थाना पुलिस ने मंदिर से नकदी चुराने का प्रकरण दर्ज किया। कुराबड़ थाना क्षैत्र माल की टूस में स्थित चारभुजा मंदिर का 5 जनवरी रात चोर दानपेटी का ताला तोड़ जेवर तथा करीब 60 से 70 हजार रूपये नकदी चुरा ले गए।

स्थापना दिवस 12 को

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान विद्यापीठ विवि का 40वां स्थापना दिवस 12 जनवरी को एग्रीकल्चर संकाय के कृषि भवन के सभागार में मनाया जायेगा।

समारोह को लेकरकुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत की अध्यक्षता में तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यापीठ के डीन, डायरेक्टर, अकादमिक, गैर अकादमिक कार्यकर्ताओं के अलावा विद्यार्थी व अन्य शरीक होंगे।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांक: F.7( )B.PLAN/MISC/2025-26/36 **आम सूचना** दिनांक : 9/1/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा दिनांक 14-10-2024 को विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां (Development Promotion & Control Regulations) हेतु जारी अधिसूचना एवं इसकी निरन्तरता में समय-समय पर जारी आदेशों/परिपत्रों/अधिसूचनाओं आदि की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है:-

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम/ योजना	खसरा संख्या / ब्लॉक संख्या	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल	भूखण्ड / भूमि की स्थिति	भू-उपयोग परिवर्तन
1	श्रीमती नीता तलरेजा पत्नी श्री पुरूषोतम तलरेजा, श्री भुपेश नागपाल पिता श्री रमेश कुमार नागपाल, श्री विकास तलरेजा पिता श्री पुरूषोतम तलरेजा एवं श्री पुरूषोतम तलरेजा पिता श्री चेलाराम तलरेजा	भुवाणा	3434, 3435	2 (उत्तरी भाग)	1760.00 वर्गफीट	शोभापुरा चौराहे से भुवाणा प्रतापनगर बाईपास को जाने वाली 100 फीट सड़क पर टोपसन बालाजी सैनिटेशन के समीप स्थित है।	आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

अन्तर्राज्यीय चोरी नकबजनी गैंग के 6 बदमाश गिरफ्तार

■ एक बाल अपचारी को डिटेन किया

उदयपुर,(कासं)। उदयपुर की सविना थाना पुलिस ने अन्तर्राज्यीय चोरी नकबजनी करने वाली गैंग के छह बदमाशों को गिरफ्तार किया तथा विधी से संघर्षरत एक बाल अपचारी को डिटेन किया।

इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने बताया कि शहर में हुई चोरी एवं नकबजनी की वारदातों का खुलासा करने के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उपाधीक्षक सूर्यवीरसिंह एवं सविना कार्यवाहक सविना थानाधिकारी अजयराज सिंह की टीम ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर शहर एवं राजस्थान के विभिन्न जिलों में हुई चोरी नकबजनी गैंग के बदमाश दिता उर्पु कालु उर्फ अंकित पुत्र नारायणनाथ कालबेलिया निवासी पुर्बिया कॉलोनी मल्लातलाई अम्बामाता, विजयनाथ पुत्र कैलाशनाथ कालबेलिया निवासी पटवार मण्डल के पास बडगांव, गोविन्दा पुत्र गोटू गोटू कालबेलिया निवासी इन्द्रा कॉलोनी गोवर्धन विलास, लोकेश उर्फ भोड़ा पुत्र देवीलाल कालबेलिया निवासी इन्द्रा कॉलोनी गोवर्धन विलास, महेन्द्र उर्फ थेपड़ी पुत्र नारायणनाथ कालबेलिया निवासी इन्द्रा कॉलोनी गोवर्धन विलास, अनिल पुत्र रामा कालबेलिया निवासी परतापुरा जावरमाइंस सलूम्बर को गिरफ्तार किया तथा विधी से संघर्षरत एक बाल अपचारी को डिटेन किया।

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)

Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ/नामा./2026/16483 दिनांक : 9.1.2026

- : आपत्ती सूचना :-

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी :-

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति कापता	पड़ौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1.	श्री नरेन्द्र कुमार महात्मा पिता श्री रतनलाल निवासी-नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-12 क्षैत्रफल-1965.50 वर्गफिट, श्रीजी रेजीडेन्सी कॉलोनी भलावतो का खेडा , नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-69	80 फिट रोड	भूखण्ड संख्या-11	40 फिट रोड

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

कार्यालय नगरपालिका कपासन जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक:-न.पा.क./भूमि/2025-26/4626 दिनांक: 09.01.26

-: लोक सूचना :-

इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि के निम्न खातेदारों द्वारा गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात

क्र. सं.	नाम आवेदन व खातेदार	जिले व तहसील का नाम	राजस्व ग्राम का नाम	खसरा नं.	क्षैत्र
1.	श्री बद्रीलाल पिता श्री गणेशलाल जाट, निवासी-कपासन	तह. कपासन जिला चित्तौडगढ	कपासन	आराजी नं. 7692/2251 रकबा 0.0300 हैक्टेयर	आराजी नं. 7692/2251 रकबा 0.0300 हैक्टेयर वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को स